**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

बोर्ड एवं समन्वय प्रभाग (शेयर विभाग), प्रधान कार्यालय प्लॉट सं. 4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075, दूरभाषः 011–28044857, ईमेलः mail:hosd@pnb.co.in

**सूचना**

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित, विनियम 29 के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अन्य बातों के साथ–साथ 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही/नौ माह के लिए बैंक के असमीक्षित/समीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा उन्हें अनुमोदित करने हेतु बैंक के निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन 05 फरवरी, 2021 को किया जाना तय हुआ है।

अतिरिक्त विवरणों के लिए निवेशक हमारी वेबसाइट **www.pnbindia.in** तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.nseindia.com, www.bseindia.com** भी देख सकते हैं।

कृते पंजाब नैशनल बैंक
(एकता पसरीचा)
कम्पनी सचिव

दिनांकः 29.01.2021
स्थानः नई दिल्ली

CANTABIL International Clothing

**कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** बी–16, ग्राउंड फ्लोर, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110035
**कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन):** L74899DL1989PLC034995
**फोनः** 91-11-27156381/82, **टेलीफैक्सः** 91-11-27156383,
**ई–मेलः** investors@cantabilinternational.com
**वेबसाइटः** www.cantabilinternational.com

सूचना

सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमावली, 2015, के विनियम 29 व 33 के अनुसार, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, अन्य बातों के साथ–साथ 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त चौथी तिमाही (Q4) के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (इंड एस के अनुसार) पर विचार, मंजूरी और अभिलेख पर लेने हेतु कंपनी के निदेशक मंडल बैठक **शुक्रवार, 05 फरवरी, 2021 को दोपहर 12:00 बजे बी–16, ग्राउंड फ्लोर, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110035** में आयोजित की जाएगी।

बोर्ड बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.cantabilinternational.com पर और बीएसई (www.bseindia.com) पर और एनएसई (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

इसके अलावा, सेबी (आंतरिक व्यापार का निषेध) (संशोधन) विनियमन, 2018 के प्रावधानों, इनसाइडर द्वारा व्यापार का नियमन, निगरानी एवं रिपोर्ट के लिए कंपनी की आचार संहिता और व्यापार निषेध अवधि पर स्पष्टीकरण के संबंध में बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड से प्राप्त परिपत्र दिनांक 02 अप्रैल, 2019 के अनुसरण में ट्रेडिंग विन्डो ***01 जनवरी 2021*** से ***05 फरवरी, 2021*** को परिणाम सार्वजनिक किये जाने के बाद 48 घंटों की समाप्ति तक बंद रहेंगें।

कृते **कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**पूनम चहल**
**कंपनी सचिव सह प्रमुख–कानूनी**

**तिथिः 29 जनवरी, 2021**
**स्थानः दिल्ली**

# वेदांत को तीसरी तिमाही में 35 फीसदी का मुनाफा

**अदिति दिवेकर**
मुंबई, 29 जनवरी

**अनिल** अग्रवाल की अगुआई वाली वेदांत लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में 3,017 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 35 फीसदी अधिक है। कंपनी को यह मुनाफा अधिक राजस्व प्राप्त होने से हुआ है।

समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की शुद्ध बिक्री 22,498 करोड़ रुपये की रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 6.4 फीसदी अधिक है। कंपनी की एल्युमीनियम और जिंक इंडिया कारोबार से राजस्व को काफी मजबूती मिली।

कंपनी के आज के ज्ञापन में कहा गया है कि उच्च जिंस कीमतों, रुपये में गिरावट और जिंक इंडिया तथा लौह अयस्क कारोबार की बढ़ी हुई मात्रा से शुद्ध बिक्री अधिक रही।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मसाब टैंक, हैदराबाद–500 028
फोनः 0091–40–23538710/770, 23538713 से 23538721
ई–मेलः csreddy@nmdc.co.in; bmkumar@nmdc.co.in; jpsingh@nmdc.co.in, सीआईएनः एल13100टीजी1958जीओआई001674

**खुली निविदा सूचना**

**निविदा सं.** HQMM/4004-18/04Z001/90 दिनांकितः 29.01.2021

डायमंड माइनिंग प्रोजैक्ट, मझगांव, पन्ना–488001 (म.प्र.) भारत के लिए आवश्यक निम्नलिखित उपकरण के लिए भारत में प्रख्यात निर्माताओं से सीधे अथवा उनके मान्यता प्राप्त एजेंटों से ई–प्रापण माध्यम से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित हैं।

| उपकरण का विवरण | मात्रा (सं.) | निविदा दस्तावेज का प्रदर्शन एवं बिक्री अवधि | प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| अनुलग्नक–III में उल्लिखित विनिर्देशनों के अनुसार 300 एचपी से 360 एचपी क्षमता के 01 नंबर ट्रैक डोजर की आपूर्ति 4 वर्ष/10,000 घंटा जो भी पहले हो, के लिए प्रचालन और अनुरक्षण स्पेयर सहित | 01 | 30.01.2021 से 01.03.2021 तक | 01.03.2021 समय अप. 2.30 (भा.मा.स.) तक |

पूर्ण निविदा दस्तावेज वेबसाइटः **www.nmdc.co.in** के निविदा सेक्शन, सीपीपी पोर्टल **http://eprocure.gov.in, www.mstcecommerce.com/eprochome** पर उपलब्ध है।

यदि उपर्युक्त निविदा में कोई संशोधन होता है तो यह केवल हमारी वेबसाइट **www.nmdc.co.in** पर अपलोड किया जायेगा और यह अन्यत्र प्रकाशित नहीं होगा। संभावी निविदाकार संशोधन यदि कोई हो, की जानकारी के लिए समय–समय पर एनएमडीसी लिमिटेड की वेबसाइट देखते रहें।

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइटः **www.nmdc.co.in** पर ई–प्रक्योरमेंट सेक्शन के तहत टेंडर सेक्शन में लॉगिन करें।

मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री)

PETRONET LNG LIMITED

**पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली–110001**
**फोनः** 011–23411411, **फैक्सः** 011–23472550, **सीआईएनः** L74899DL1998PLC093073
**ईमेलः** investors@petronetlng.com, **कम्पनी की वेबसाइटः** www.petronetlng.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन, दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमों, 2015 के प्रावधानों के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक **गुरूवार, 11 फरवरी 2021** को, अन्य बातों के साथ–साथ, 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा उन्हें स्वीकृत करने के लिए होगी।

पीएलएल की प्रतिभूतियों में आंतरिक ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए कोड (पीएलएल का कोड) और स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 2 अप्रैल 2019 के अनुसरण में, पत्र दिनांक 22 जून, 2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया गया था कि पीएलएल के कोड के अनुसार सभी इनसाइडर के लिए, पीएलएल की प्रतिभूतियों में लेन–देन हेतु, 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों पर विचार करने के कारण, ट्रेडिंग विन्डो 1 जनवरी 2021 से परिणामों की घोषणा होने और एक्सचेंजों के पास दर्ज कराने तथा सामान्य रूप से उपलब्ध कराने के 48 घण्टे पश्चात तक बंद रहेगी।

उपरोक्त की दृष्टि से, पीएलएल की प्रतिभूतियों में व्यापार हेतु ट्रेडिंग विन्डो जो 1 जनवरी 2021 से बंद कर दी गयी थी, 13 फरवरी 2021 तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगी। सभी इनसाइडर्स को सलाह दी जाती है कि इस अवधि के दौरान पीएलएल की प्रतिभूतियों के साथ लेन–देन न करें।

यह जानकारी कम्पनी की वेबसाइट **www.petronetlng.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंजों जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध किए गए हैं, की वेबसाइटों यानी **https://www.bseindia.com** तथा **https://www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध हैं।

**कृते पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**
**हस्ता0/–**
**(राजन कपूर)**
**सीजीएम एवं वीपी–कम्पनी सचिव**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 29 जनवरी, 2021**

# इंडियन ऑयल का शुद्ध लाभ बढ़ा

**बीएस संवाददाता**
नई दिल्ली, 29 जनवरी




- बोर्ड ने 75 फीसदी अंतरिम लाभांश की घोषणा की
- तमिलनाडु के नागपट्टिनम में 31,500 करोड़ रुपये के निवेश से रिफाइनरी स्थापित करने का प्रस्ताव मंजूर

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का समेकित शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 4,102.37 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 2,695.09 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी के बोर्ड ने 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 7.50 रुपये यानी 75 फीसदी अंतरिम लाभांश देने की भी घोषणा की है।

तिमाही के दौरान अधिक इन्वेंटरी लाभ और ऊंचे पेट्रोकेमिकल मार्जिन से मुनाफे को बल मिला।

कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, तिमाही के दौरान कंपनी का सकल रिफाइनरी मार्जिन घटकर 2.19 डॉलर प्रति बैरल रह गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 4.09 डॉलर प्रति बैरल रहा था। इस दौरान कंपनी का इन्वेंटरी लाभ 1,608 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,630 करोड़ रुपये हो गया।

तिमाही के दोरान कंपनी की निर्यात सहित मात्रात्मक बिक्री घटकर 2.30 करोड़ टन रह गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 2.34 करोड़ टन रही थी।